कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 18.11.2024

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस द्वारा चैन-स्नैचिंग की घटना में वांछित अभियुक्त विवेक पाण्डेय गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 460/2024 धारा 134 बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2),61(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त विवेक पांडे पुत्र अवधेश पांडे निवासी सकलेनाबाद थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को दिनांक 17.11.2024 समय करीब 21.37 बजे आशापुर-गाजीपुर वाहन स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 600/- रु. नकद व एक अदद मोबाइल बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 04.10.24 को तिलमापुर में 02 अज्ञात बाइक सवार छपट्टा मारकर एक महिला का चैन लेकर भाग गये थे, जिस सम्बन्ध में वादिनी मुकदमा/पीड़िता से प्राप्त प्रा.पत्र के आधार पर थाना सारनाथ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ.नि. भरत चौधरी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त विवेक पाण्डेय ने बताया कि वाहन संख्या UP 61 X 0506 मेरे ही नाम से है। सीसीटीवी फुटेज की रिकर्डिंग तथा घटना में अभियुक्तगण की फोटो को पकड़े गए व्यक्ति को दिखाया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि यह जो पीछे गाड़ी पर बैठा हुआ व्यक्ति है वह मेरा मित्र बहादुर चौधरी है तथा गाड़ी चला रहा व्यक्ति अजय सिंह है यह बाइक मेरी ही है जिसे मेरे दोनों मित्र मुझसे अक्सर मांग कर ले जाते थे तथा जब यह लोग मुझे गाड़ी वापस करते थे तो गाड़ी इस्तेमाल करने के एवज में मुझे कुछ पैसे देते थे तथा साथ में पार्टी भी करते थे और मुझे ये भी पता चला है कि इन लोगों को अभी कुछ दिन पहले पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई थी आपको जो ये पैसे मेरी जेब से मिले है वो उनके द्वारा घटना करने के बाद दिए गए है और आज मैं यह सारी घटना अपने आसपास के लोगो से जानने के बाद भाग कर कहीं छिपने के लिए निकला था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

विवेक पांडे पुत्र अवधेश पांडे निवासी सकलेनाबाद थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 31 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

आशापुर-गाजीपुर वाहन स्टैण्ड, दिनांक-17.11.24 को समय करीब 21.37 बजे।

बरामदगी का विवरण-

लूट के माल में से शेष कुल 600/- रु. नकद व एक अदद मोबाइल फोन पोको कम्पनी।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 460/2024 धारा 134 बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2),61(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ.नि. भरत कुमार चौधरी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे.का. दिलीप यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का. अर्जुन कन्नौजिया थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।